# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 19 फ़रवरी 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के लोकतंत्रीकरण पर बल दिया ।
- श्री मोदी ने कहा - भारत में सफल होने वाला कोई भी ए -आई मॉडल वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सकता है ।
- इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा - सरकार ए -आई स्टैक के सभी पाँच स्तरों पर काम कर रही है ।
- हरियाणा स्वास्थ्य विभाग, जल्द ही चिकित्सकों की सीधी भर्ती करेगा ।
- हरियाणा विधान सभा का बजट सत्र कल राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा ।
- हरियाणा में जनगणना को लेकर तैयारियां शुरू हुई - जनगणना के सफल और समयबद्ध संचालन के लिए एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया ।

**************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल दिया है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ए आई को विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए।

*एआई के लिए इंसान सिर्फ डाटा पॉइंट न बन जाए, इंसान सिर्फ रॉ मटेरियल तक सीमित न रह जाए, इसलिए एआई को डेमोक्रिटाइज करना होगा। इसे इंक्लूजन और एम्पावरमेंट का माध्यम बनाना होगा और विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी केन्द्र है। उन्होंने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

*इस समिट का भारत में होना, भारत के साथ ही पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है। दुनिया के कोने-कोने से यहां आए महानुभाव, इसकी सफलता को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। इसमें यंग जनरेशन की जो उपस्थिति हमने देखी है, वो एक नया विश्वास पैदा करती है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग तक एक मजबूत इको-सिस्टम का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में सफल होने वाला कोई भी एआई मॉडल वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में क्रांतिकारी अध्याय जुड़ रहा है। श्री मोदी ने एआई के लिए मानव विजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री ने एआई की परमाणु शक्ति से तुलना करते हुए कहा कि मानवता ने इसकी विनाशकारी क्षमता और इसके सकारात्मक दोनों पक्षों को देखा है। श्री मोदी ने कहा कि एआई भी एक परिवर्तनकारी शक्ति है। बाल सुरक्षा के महत्व पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि स्कूल के पाठ्यक्रम की तरह ही एआई भी बच्चों के लिए सुरक्षित और परिवार के मार्गदर्शन में होना चाहिए।

श्री मोदी ने ए आई के भविष्य को लेकर कहा-

************************************************************

इंडिया ए आई शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं का स्वागत करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार एआई स्टैक के सभी 5 स्तरों पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने एक कॉमन कंप्यूट प्लेटफॉर्म बनाया है जो स्टार्टअप, शोधकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों और छात्रों को किफायती दर पर 38 हजार जीपीयू उपलब्ध कराता है। श्री वैष्णव ने कहा कि ए.आई. से जुड़े जोखिमों को कम करने के समाधान □ूं□ने होंगे। श्री वैष्णव ने सम्मेलन में नई दिल्ली फ्रंटियर एआई इम्पैक्ट वचबद्धताओं की घोषणा भी की।

************************************************************

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग जल्द ही चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ व बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती करेगा। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ मनीष बंसल ने बताया कि जल्द 450 चिकित्सकों की सीधी भर्ती की जाएगी।

डॉ मनीष बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा हाल ही में जिन 17 और डे केयर कैंसर सेंटर का उद्घाटन किया था, उनमें काम शुरु हो गया है। इन डे केयर सेंटर की सभी जिला अस्पतालों में व्यवस्था की गई है। सभी जिलों में डे केयर कैंसर सेंटर की सुविधा निशुल्क मिलेगी।

पलवल के गांव छायंसा में एक्यूट हेपेटाइटिस तथा लिवर खराब होने की वजह से हुई मौतों पर कहा कि कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। इसलिए स्वास्थ्य अधिकारियों की दिल्ली की एक टीम, पीजीआई रोहतक से तालमेल करके मौत के कारणों की जांच कर रही है।

************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

************************************************************

हरियाणा विधानसभा का में बजट सत्र कल राज्यपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। सत्र 18 मार्च तक चलेगा। 2 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बजट पेश करेंगे।

आज कार्य सलाहकार समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। सत्र के दौरान 9 छुट्टियां रहेंगी। हर छुट्टी के बाद सत्र बाद दोपहर 2 बजे शुरू होगा। हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के लिए राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। विपक्ष कानून व्यवस्था सहित कई मुद्दे उठाएगा।

************************************************************

हरियाणा में जनगणना को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। जनगणना के पहले चरण में 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' पहली मई से 30 मई तक की जाएगी। राज्य के गठन के बाद हरियाणा के लिए यह छठी जनगणना होगी।

जनगणना के सफल और समयबद्ध संचालन के लिए आज चंडीगढ़ में मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, नगर निगम आयुक्तों के एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह जनगणना केवल एक सांख्यिकीय कवायद भर नहीं, बल्कि आने वाले दशक की नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत संरचना के विकास की नींव है। साथ ही, यह राज्य की प्रशासनिक और तकनीकी दक्षता तथा समन्वय कौशल की भी परीक्षा है।

मुख्य सचिव ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े नीति निर्माण एवं विकास योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जनगणना से जुड़ी पूरी प्रक्रिया में त्रुटि या लापरवाही की कोई गुंजाइश न रहे। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य के लिए जारी की गई धनराशि का समुचित उपयोग किया जाए।हरियाणा के जनगणना संचालन निदेशक श्री ललित जैन ने बताया कि इस विशाल कार्य के लिए 50,000 से अधिक गणना कर्मी और 8,000 से अधिक पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। इनके चरणबद्ध प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार सकर  दोनों चरणों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर 25,000 रुपए का मानदेय दिया जाएगा ।

************************************************************

फरीदाबाद जिले के सेक्टर-24 स्थित उद्योगिक क्षेत्र में सोमवार देर शाम रसायन से भरे ड्रमों में हुए विस्फोट के कारण हुए भीषण आगजनी हादसे में  मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। इस हादसे में करीब 35 से अधिक लोग झुलस गए थे , जिनमें दो वर्कशॉप के मालिक भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे । सभी घायलों का निजी व सरकारी अस्पतालों में इलाज जारी है।

घायलों में कालका लुब्रिकेंट के मालिक के बेटे 25  वर्षीय अभिषेक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था । वहीं प्रदीप नामक कर्मचारी की भी चार दिन बाद मौत हो गई।

************************************************************